# समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व कोचिंग केन्द्रों में माह–अगस्त 2026 से संचालित किये जाने वाले आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 परीक्षा–2026 के कोचिंग सत्र में प्रवेश हेतु सूचना/निर्देश।

समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के निर्धन वर्ग अभ्यर्थियों को प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी हेतु निम्न परीक्षा पूर्व निःशुल्क प्रशिक्षण केन्द्र संचालित किये जाते हैं, जिनमे अभ्यर्थियों के लिये निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ–साथ मेस, छात्रावास एवं पुस्तकालय की भी व्यवस्था उपलब्ध है।

समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत संचालित निम्न कोचिंग केन्द्रों में आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 परीक्षा–2026 के पूर्व कोचिंग हेतु अर्ह अभ्यर्थियों के ऑनलाइन आवेदन पत्र शासनादेश संख्या–1015/26–3–2020(1514/2016) दिनांक 27 अप्रैल, 2016 में निहित व्यवस्थानुसार आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र0 सं0 | कोचिंग केन्द्र का नाम | पुरूष /महिला अभ्यर्थी हेतु | प्रवेश प्रकिया से चयनित अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन, लखनऊ। | अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पुरूष अभ्यर्थियों हेतु। | 225 |
| 2 | आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, अलीगंज, लखनऊ | अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की महिला अभ्यर्थियों हेतु। | 150 |
| 3 | राजकीय आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 कोचिंग सेन्टर, निजामपुर, हापुड़ | अनुसूचित जाति के पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों हेतु | 150 (पुरूष–90 + महिला–60) |
| 4 | संत रविदास आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, वाराणसी। | अनुसूचित जाति के पुरूष अभ्यर्थियों हेतु | 75 |
| **5** | **डा0 बी0आर0 अम्बेडकर आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, आगरा।** | **अनुसूचित जाति के पुरूष अभ्यर्थियों हेतु** | **मरम्मत के कारण असंचालित** |
| 6 | डा0 बी0आर0 अम्बेडकर आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, अलीगढ़। | अनुसूचित जाति के पुरूष अभ्यर्थियों हेतु | 150 |
| 7 | न्यायिक सेवा प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज। | अनुसूचित जाति के पुरूष अभ्यर्थियों हेतु | 40 |
| 8 | आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, गोरखपुर | अनुसूचित जाति के पुरूष अभ्यर्थियों हेतु | 75 |

उपरोक्त कोचिग केन्द्रों में माह अगस्त, 2026 से आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 परीक्षा–2026 की तैयारी हेतु कोचिंग सत्र संचालित किये जाने हैं। कोचिंग सत्रों में प्रवेश हेतु आवेदन करने के लिये सामान्य दिशा–निर्देश निम्नवत हैं :–

**(1) प्रशिक्षण की अवधि**– प्रशिक्षण (कोचिंग) की अवधि 10 माह की निर्धारित है। कोचिंग सत्र माह अगस्त 2026 से प्रारम्भ होगा।

**(2) अर्हता–**

**(अ)** कोचिंग में प्रवेश हेतु शैक्षिक, आयु संबंधी एवं अन्य आवश्यक अर्हतायें संबंधित परीक्षा के लिये संघ लोक सेवा आयोग/उ0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित अर्हतायें पूर्ण करना आवश्यक होगा।

**(ब)** उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थी को निम्न अर्हतायें एवं शर्ते पूर्ण करना आवश्यक होगा –

क– उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हो।

ख– अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति' एवं 'अन्य पिछड़ा वर्ग का हो।

ग– अभ्यर्थी के माता–पिता/अभिभावक की वार्षिक आय रू0 छः लाख वार्षिक से अधिक न हो।

घ– उपरोक्त समस्त केन्द्र आवासीय संस्था के रूप में संचालित हैं अतः अभ्यर्थी किसी अन्य शैक्षिक संस्थान में अध्ययनरत अथवा कहीं पर सेवारत न हो।

च– कोचिंग हेतु ऐसे अभ्यर्थी को अवसर प्राप्त होगा, जो पूर्व में एक बार विभागीय कोचिंग संस्था में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हों अथवा पहली बार आवेदन कर रहे हों।

छ– स्नातक उत्तीर्ण हों।

**'नोट–1 अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को कोचिंग की सुविधा केवल छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ (पुरूष हेतु) तथा आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, लखनऊ (महिलाओं हेतु) में ही है।**

**नोट–2 महिला अभ्यर्थियों को कोचिंग की सुविधा केवल आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, अलीगंज, लखनऊ तथा आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 कोचिंग केन्द्र, हापुड़ में ही उपलब्ध है।**

**(3) अन्य आवश्यक शर्तें–**

**1– प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर ऐसे अभ्यर्थी को अवसर प्राप्त होगा, जो पूर्व में एक बार विभागीय कोचिंग संस्था में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हो अथवा पहली बार आवेदन कर रहे हो।**

**2– पूर्व में यदि कोई अभ्यर्थी ने विभागीय कोचिंग संस्थाओं में पूर्व में 02 बार कोचिंग प्राप्त कर चुका है, तो ऐसे अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह नही होंगे।**

Scanned with OKEN Scanner

3– यदि तथ्यों को छिपाकर कोई पूर्व छात्र/छात्रा प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होता है तथा मेरिट सूची में नाम आने पर भी संबंधित छात्र/छात्रा प्रवेश हेतु अनर्ह होगा।

4– यदि कोई पूर्व छात्र/छात्रा गलत तथ्यों के आधार पर कोचिंग में प्रवेश प्राप्त कर लेता है तो संज्ञान होते ही उसे संस्था से निष्कासित कर दिया जायेगा। साथ ही कोचिंग पर हुये समस्त व्यय की क्षतिपूर्ति उससे की जायेगी तथा कॉशनमनी जब्त करते हुये उसके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

5– कोचिंग सत्र की अवधि 10 माह की होगी, परन्तु लगातार 03 आंतरिक टेस्टों में 40 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्रा को संस्था से निष्कासित कर दिया जायेगा।

6– प्रवेशित छात्र/छात्रा को संस्था की "छात्र आचार संहिता" एवं समस्त नियमों को पूर्ण से पालन करना होगा। किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता करने, प्रार्थना पत्र स्वीकृत कराये बिना अवकाश पर जाने, कक्षाओं एवं टेस्टों से अनुपस्थित रहने की स्थिति में कॉशनमनी जब्त करते हुये संस्था से निष्कासित कर दिया जायेगा।

**(4) प्रवेश का आधार–** उपरोक्त कोचिंग केन्द्र में प्रवेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर दिया जायेगा।

**(5) परीक्षा कार्यक्रम**

- विज्ञापन प्रकाशन – 14–05–2026
- अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र आनलाइन भरे जाने हेतु निर्धारित अवधि। – 18–05–2026 से 18–06–2026 तक
- आनलाइन प्रवेश–पत्र डाउनलोड किये जाने की तिथि – 25–06–2026
- लिखित परीक्षा की तिथि – दिनांक 05–07–2026 समय– पूर्वाह्न 10:00 – 12:00 बजे तक

नोट– प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये किसी प्रकार का भत्ता/यात्रा व्यय देय नहीं होगा।

**(6) आवेदन पत्र प्रस्तुत करने का माध्यम–** आई०ए०एस०/पी०सी०एस० परीक्षा–2026 के पूर्व कोचिंग सत्र में प्रवेश हेतु उपरोक्त पात्रता एवं शर्तें पूर्ण करने वाले अभ्यर्थी दिनांक **18–06–2026** तक विभागीय वेबसाइट **(www.socialwelfare.up.upsdc.gov.in)** पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। संयुक्त प्रवेश परीक्षा दिनांक **05–07–2026** समय **पूर्वाह्न 10:00 से 12:00 बजे** तक होगी।

**(7) प्रवेश पत्र–डाउनलोड** – अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक 25–06–2026 को वेबसाइट **(www.socialwelfare.up.upsdc.gov.in)** पर अपलोड कर दिये जायेगें, जिन्हें अभ्यर्थी स्वयं डाउनलोड करेंगे। इस डाउनलोडेड प्रवेश पत्र के साथ ही अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगें। अभ्यर्थी को पृथक से प्रवेश पत्र नही भेजे जायेंगे। प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थी को परीक्षा देनी होगी। किसी भी अभ्यर्थी को निर्धारित परीक्षा केन्द्र से इतर परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा देने की अनुमति नही दी जायेगी।

**(8) प्रश्नपत्र का पाठ्यकम**

प्रश्नपत्र में पूछे जाने वाले प्रश्न संबंधित परीक्षा के लिये संघ लोक सेवा आयोग/उ०प्र० लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित नवीनतम पाठ्यकम पर आधारित होंगे।

**(9) प्रवेश परीक्षा की अवधि एवं स्वरूप**

- प्रवेश परीक्षा दो घण्टे अर्थात 120 मिनट की होगी।
- प्रश्नपत्र हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम में होगा।
- **100 प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे तथा प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प होंगे।**
- प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा।
- **नकारात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) होगा।**

**(10) परीक्षाफल की घोषणा–** परीक्षाफल दिनांक **28–07–2026** को विभागीय वेबसाइट **(www.socialwelfare.up.upsdc.gov.in)** पर प्रदर्शित होना संभावित है।

**(11) प्रवेश–** प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थी काउसंलिंग हेतु समस्त मूल अभिलेखों, आवेदन पत्र के प्रिन्ट एवं रू० 2000/– काशनमनी के साथ संबंधित कोचिंग केन्द्र (जहां के लिये चयन हुआ है) पर उपस्थित होगा। काउंसलिंग में समस्त मूल अभिलेखों की जांच के उपरांत ही प्रवेश दिया जायेगा।

**(12) कोचिंग सत्र का प्रारम्भ– माह अगस्त, 2026** से आई०ए०एस०/पी०सी०एस० परीक्षा–2026 हेतु कोचिंग सत्र संचालित किया जायेगा।

**निदेशक**
समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश।

Scanned with OKEN Scanner